प्रेषक,

जिलाधिकारी,
मीरजापुर।

सेवा में,

रजिस्ट्रार,
उ0प्र0 सूचना आयोग,
7/7ए, आरटीआई भवन, विभूति खण्ड,
गोमती नगर लखनऊ।

पत्रांक : 1192 /रा0स0-2025 दिनांक : 02 जुलाई, 2025

विषय :- श्री योगी एम0पी0 सिंह पुत्र राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी सुरेकापुरम कालोनी, जबलपुर रोड मीरजापुर को सूचना उपलब्ध कराए जाने के संबंध में।

-----0-----

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने नोटिस पत्र संख्या 202506S09N300816 दिनांक 25.06.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अपीलकर्ता श्री योगी एमपी सिंह के अपील में दिनांक 26.05.2025 को सुनवाई में आयोग द्वारा पारित आदेश की प्रति संलग्न कर वांछित कार्यवाही पूर्ण करते हुए आगामी सुनवाई दिनांक 04.07.2025 हेतु निर्धारित तिथि से दो दिन पूर्व लिखित कथन (ई-मेल hearingcourts9.upic@up.gov.in अथवा विभागीय पोर्टल-https: upsic.up.gov.in/) पर स्कैन करते हुए पी0डी0एफ0 के फारमेट में मा0 राज्य सूचना आयुक्त सुनवाई कक्ष संख्या एस-9 के समक्ष कृत कार्यवाही की आख्या प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

इस प्रस्तुत प्रकरण में मा0 आयोग के नोटिस संख्या 202505S09N200146 दिनांक 08.05.25 अपील संख्या एस-9/ए/0728/2024 पंजीकृत संख्या A20240401203 के संदर्भ में इस कार्यालय के पत्र संख्या 993/जू0सू0लि0/2025 दिनांक 21.05.2025 द्वारा सूचना मा0 आयोग को प्रेषित कर दिया गया है **(छायाप्रति संलग्न)** जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि अपीलार्थी को अपेक्षित सूचना दिनांक 14.05.2025 **(छायाप्रति संलग्न)** को उपलब्ध करा दिया गया है परन्तु अपीलकर्ता इस प्रकरण में एक सप्ताह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बावजूद भी अपीलार्थी जन सूचना अधिकारी कलेक्ट्रेट मीरजापुर के समक्ष कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गयी है। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देश दिनांक 16.11.2021 द्वारा जनपद मीरजापुर के अधिकारियों की चल-अचल सम्पत्ति का विवरण Sparrow-pcs-up.gov.in **(छायाप्रति संलग्न)** पर भरे जाने का निर्देश दिया गया था, जो उनके द्वारा भरा जा चुका है। इस स्तर पर जनपद स्तर से अपेक्षित सूचना उपलब्ध कराया जाना सम्भव नहीं है।

अतः उपर्युक्त वर्णित आख्या के क्रम में महोदय से सादर अनुरोध है कि नोटिस पत्र संख्या 202506S09N300816 दिनांक 25.06.2025 अपील संख्या S09/A/0728/2024 पंजीकृत संख्या A-20240401203 श्री योगी एम0पी0 सिंह का अपील निरस्त करने का कष्ट करें।

संलग्नक :- उपर्युक्तानुसार।

भवदीय,

जन सूचना अधिकारी,
कलेक्ट्रेट मीरजापुर।

प्रतिलिपि :- श्री योगी एम0पी0 सिंह पुत्र राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी सुरेकापुरम कालोनी, जबलपुर रोड मीरजापुर को सूचनार्थ प्रेषित।

जन सूचना अधिकारी,
कलेक्ट्रेट मीरजापुर।

प्रेषक,

जन सूचना अधिकारी
कलेक्ट्रेट मीरजापुर।

सेवा में,

रजिस्ट्रार महोदय,
उ0प्र0 सूचना आयोग
गोमती नगर लखनऊ।

पत्रांक ११३ / जन सू0लि0 / 2025 दिनांक २१, मई, 2025

विषयः– अपीलकर्ता श्री योगी एम0पी0 सिंह द्वारा अधिकारियो का वार्षिक चल व अचल सम्पत्ति का विवरण स्पैरो पोर्टल पर ऑनलाइन भरे जाने की सूचना आयोग के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया सूचना आयोग लखनऊ के नोटिस संख्या 202505S09N200146 दिनांक 07.05.205 अपील संख्या S09/A/0728/2024 पंजीकृत संख्या A-20240401203 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा पत्रावली पर विपक्षी जन सूचनाधिकारी कलेक्ट्रेट,मीरजापुर का पत्र पत्रांक 772 / सहा0जन सू0लि0 / 2025दिनांक 22.01.2025 इमेल के माध्यम से पत्रावली पर रक्षित है, जिसमें उल्लिखित किया गया है कि अपीलार्थी द्वारा नियुक्ति अनुभाग–7 के शासनादेश सं0 1 / 114964 / 2021 दिनांक 16.11.2021 द्वारा जनपद मीरजापुर के अधिकारियों को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति का विवरण sparrow-pcs-up.gov.in पर भरे जाने के सम्बन्ध में सूचना चाही गयी है। स्पैरो पोर्टल पर अधिकारियों को अपनी सम्पत्ति का विवरण भरे जाने हेतु शासन से निजी आई0डी0पासवर्ड भेजा जाता है। जिसके सम्बन्ध में कोई सूचना जिला कार्यालय पर उपलब्ध नही है। उक्त सूचना अधिकारियों के निजी विवरण से सम्बन्धित है,जिसका कोई रिकार्ड कार्यालय में न होने के कारण सूचना देय नही है। अपीलार्थी को उक्त सूचना की प्रति व आज पारित आदेश की प्रति नोटिस के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जाये कि यदि प्राप्त सूचना पर कोई आपत्ति हो तो अपनी स्पष्ट बिन्दुवार आपत्ति एक सप्ताह में विपक्षी जन सूचनाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराये तथा आपत्ति की एक प्रति एवं प्रेषण साक्ष्य के साथ उ0प्र0 सूचना का अधिकार नियमावली, 2015 के नियत 9(1) के तहत स्वयं नियत सुनवाई तिथि पर आयोग के समक्ष स्वंय उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

उक्त के कम में सादर अवगत कराना है कि अपीलकर्ता को दिनांक 22.01.2025 को मांगी गयी सूचना उपलब्ध करा दी गयी थी। पुनः दिनांक 14.05.2025 को सूचना उपलब्ध करायी गयी है, किन्तु एक सप्ताह बीतने के पश्चात् भी आवदेक द्वारा अभी तक कोई आपत्ति प्रस्तुत नही की गयी है ऐसी दशा में मा0 आयोग से अनुरोध है कि अपीलार्थी की अपील निरस्त करने की कृपा करें।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

जन सूचना अधिकारी
o/c कलेक्ट्रेट,मीरजापुर।

प्रतिलिपिः– श्री योगी एम0पी0 सिंह पुत्र राजेन्द्र प्रताप सिंह पता सुरेकापुरम कालोनी जबलपुर रोड मीरजापुर सिटी जनपद मीरजापुर।

जन सूचना अधिकारी
o/c कलेक्ट्रेट,मीरजापुर।

**पत्रांक 772/सहा0 जन सू0लि0/2025 दिनांक 22 जनवरी, 2025**

Thu, Jan 23, 2025 12:34 PM

1 attachment

**From :** dmmir <dmmir@nic.in>

**Subject :** पत्रांक 772/सहा0 जन सू0लि0/2025 दिनांक 22 जनवरी, 2025

**To :** SHAKUNTALA GAUTAM <hearingcourts9.upic@up.gov.in>

Sir,

Pl. find the atachament file.

---

**PDF Scanner 220125 10.49.47.pdf**
257 KB

File No.02-7099/131/2021-7

1/2024

प्रेषक,

धनन्जय शुक्ला,

विशेष सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3. समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

नियुक्ति अनुभाग-7 लखनऊ : दिनांक 04/01/2024

विषय:- उत्तर प्रदेश सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के अधिकारियों द्वारा वार्षिक चल-अचल सम्पत्ति विवरण स्पैरो पोर्टल पर ऑन-लाइन माध्यम से भरे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि नियुक्ति अनुभाग-7 के शासनादेश संख्या-I/114964/2021, दिनांक 16.11.2021 द्वारा उत्तर प्रदेश सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के पुराने प्रारूप को अवक्रमित कर संशोधित एवं परिवर्धित प्रारूप "वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (ANNUAL PERFORMANCE APPRAISAL REPORT) निर्धारित करते हुए उत्तर प्रदेश सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के अधिकारियों से प्रत्येक वर्ष 31 जनवरी तक वार्षिक सम्पत्ति विवरण sparrow-pcs.up.gov.in के पोर्टल पर ऑन लाइन माध्यम से प्राप्त किये जाने का प्राविधान किया गया है।

2. अतएव मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने अधीनस्थ

तैनात उत्तर प्रदेश सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के समस्त अधिकारियों को 31 दिसम्बर, 2023 तक धारित समस्त चल-अचल सम्पत्ति का विवरण sparrow-pcs.up.gov.in पर अपने आई0डी0 पास-वर्ड का प्रयोग करते हुए अनिवार्य रूप से 31 जनवरी 2024 तक ऑन-लाइन भरने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

3. यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) सेवा के किसी अधिकारी द्वारा वार्षिक सम्पत्ति विवरण 31 जनवरी 2024 तक उक्त पोर्टल पर भरा नही जाता है तो इसे शासन द्वारा प्रतिकूल संज्ञान लिया जायेगा।

भवदीय,

Digitally Signed by धनन्जय शुक्ला
(धनन्जय शुक्ला) :59:24
Reason: Approved
विशेष सचिव